RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 25 जुलाई 2025 | वर्ष 07 | अंक 97 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

**नशे में गाड़ी चलाई तो सीधी जेल...**




Page - 4

## मुंबई : 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध; मछुआरों के प्रतिनिधिमंडल ने मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे से मुलाकात की



**मुंबई:** भारतीय पश्चिमी तट मछुआरा संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए, महाराष्ट्र और गुजरात के मछुआरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्रालय में महाराष्ट्र के मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने महाराष्ट्र में मानसून के दौरान मछली पकड़ने पर प्रतिबंध को गुजरात की मौजूदा नीति के अनुरूप 15 अगस्त तक बढ़ाने का अनुरोध किया।गुजरात सरकार वर्तमान में 1 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाती है, जिससे मछुआरों के अनुसार, स्थायी मछली पकड़ने और मछली भंडार पुनर्जनन को काफी बढ़ावा मिला है।

पारंपरिक मछुआरे अब महाराष्ट्र के लिए भी इसी तरह की समय-सीमा की मांग कर रहे हैं, न केवल पारिस्थितिक लाभ का हवाला देते हुए, बल्कि अगस्त के पहले पखवाड़े में बार-बार आने वाले तूफानी हालात और उबड़-खाबड़ समुद्र के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी हवाला देते हुए। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अगस्त की शुरूआत में प्रतिकूल मौसम अक्सर मछुआरों की जान को गंभीर खतरा और उनकी नावों को नुकसान पहुँचाता है। इसलिए, प्रतिबंध को बढ़ाने से दुर्घटनाओं और वित्तीय नुकसान को रोकने में मदद मिलेगी।

# अगले पांच साल में बनेंगे 35 लाख घर

## 70 हजार करोड़ के निवेश की उम्मीद

### गृह निर्माण नीति पर शासन निर्णय जारी

**मुंबई:** राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक मेरा घर-मेरा अधिकार के उद्देश्य से गृह निर्माण नीति 2025 के क्रियान्वयन के लिए शासन निर्णय जारी है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग के लिए 35 लाख घर बनाना है। नई हाउसिंग पॉलिसी का मुख्य लक्ष्य सभी के लिए घर और झोपड़पट्टी मुक्त है। सरकार को उम्मीद है कि नई पॉलिसी के क्रियान्वयन से हाउसिंग क्षेत्र में 70 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। नीति के अनुसार राज्य में झुग्गी झोपड़ियों के पुनर्वास और पुनर्विकास के लिए एक व्यापक कार्यक्रम लागू किया जाएगा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, निम्न आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं,



औद्योगिक श्रमिकों और छात्रों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। 20 मई 2025 को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुछ बदलावों के साथ इस नीति को मंजूरी प्रदान की गई थी। महाराष्ट्र में बढ़ते शहरीकरण को ध्यान में रखकर यह नीति तैयार की गई है। महाआवास निधि को बढ़ाकर 20 हजार करोड़ रुपए किया गया है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग के लिए वर्ष 2030 तक 35 लाख घर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस टारगेट को पूरा करने के लिए विकास नियंत्रण और नियमों को मजबूत और संशोधित किया जाएगा। निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए विभिन्न प्रोत्साहन उपाय किए जाएंगे। निवेशकों को प्रोत्साहन देने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस पर 1% जीएसटी, 2.5 तक एफएसआई, 10% व्यावसायिक उपयोग की अनुमति, विकास कर छूट में छूट, पंजीयन और स्टाम्प शुल्क में छूट, पहले 10 वर्षों के लिए संपत्ति कर में छूट और छात्र आवास परियोजनाओं से होने वाले लाभ पर 100% कर छूट शामिल हैं। राज्य में घरों की जरूरत का पता लगाने के लिए 2026 तक जिलेवार सर्वेक्षण किया जाएगा। नीति में पर्यावरण अनुकूल निर्माण, किराए के किफायती घर, श्रमिकों और छात्रों के आवास को प्राथमिकता।

## मुंबई : ढाई साल की बच्ची से बलात्कार और हत्या के दोषी को सुनाई गई मौत की सजा रद्द

**मुंबई:** बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुणे में 2021 में ढाई साल की बच्ची के साथ बलात्कार और हत्या के दोषी को सुनाई गई मौत की सजा को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि विशेष अदालत द्वारा डीएनए रिपोर्ट सहित वैज्ञानिक साक्ष्यों पर भरोसा करते हुए विशेषज्ञों से पूछताछ न करने के कारण मुकदमा प्रभावित हुआ। न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की पीठ ने निचली अदालत को अंतिम दलीलें फिर से सुनने और मामले का ''यथाशीघ्र'' नए सिरे से फैसला सुनाने का निर्देश दिया।



अदालत ने यह आदेश फरवरी 2022 में एक विशेष पॉक्सो अदालत द्वारा अभियुक्त को सुनाई गई मौत की सजा की पुष्टि के लिए एक संदर्भ पर सुनवाई करते हुए पारित किया। किसी भी मौत की सजा पर अमल से पहले उसे उच्च न्यायालय द्वारा पुष्टि की जानी होती है। अभियुक्त ने अपनी दोषसिद्धि और सजा को चुनौती दी थी।

## मुंबई: लिफ्ट में घंटों फंसी रही लड़की

### मनपा के आपातकालीन विभाग के अधिकारी ने बचाई जान

**मुंबई:** तिलक नगर स्थित वीणा सरणी नामक इमारत के लिफ्ट में एक अकेली लड़की लिफ्ट में घंटों फंसी रही। इमारत के दूसरी विंग में रहने वाले मनपा के आपातकालीन कक्ष के अधिकारी राजेंद्र लोखंडे की तत्परता से लड़की की जान बच पाई। मिली जानकारी के अनुसार एक महिला जो इस इमारत में घर काम करती है वह 15 वी मंजिल पर जा रही थी इसी दौरान इमारत की लिफ्ट चौथी मंजिल पर जाने के बाद बंद हो गई। लिफ्ट का दरवाजा भी चाभी से नहीं खुल रहा था। वॉचमेन की लाख मशक्कत के बाद लगभग आधा घंटे तक अपनी पूरी तरकीब लगाने के बावजूद दरवाजा



नहीं खोल पाया। लिफ्ट में एक महिला के फंसे होने की जानकारी दूसरी विंग में रह रहे मनपा के आपातकालीन कक्ष विभाग के अधिकारी लोखंडे को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर लिफ्ट के बंद दरवाजे को पुर जोर कोशिश कर लिफ्ट में फंसी महिला को बाहर निकाला। महिला लिफ्ट में बेहोश होकर गिर गई थी क्योंकि लिफ्ट में फंसी महिला को लगभग एक घंटे का समय अंदर बीत गया था। मनपा अधिकारी ने जानकारी दी कि लिफ्ट में ऑटोमैटिक रेस्क्यू डिवाइस लगा होता है, लेकिन यह सिर्फ बिजली चले जाने पर ही काम करता है। अतः यदि कोई लिफ्ट में फंसा हो, तो मुख्य बिजली सप्लाई बंद न करें, क्योंकि इससे स्थिति और बिगड़ सकती है।

## महापे फ्लाईओवर के नीचे क्रेन की चपेट में आने से ट्रैफिक कांस्टेबल की कुचलकर मौत





**मुंबई:** महापे यातायात इकाई से जुड़े एक ट्रैफिक कांस्टेबल की गुरुवार दोपहर महापे फ्लाईओवर के नीचे एक क्रेन की चपेट में आने से ड्यूटी के दौरान कुचलकर मौत हो गई। मृतक, कांस्टेबल गणेश पाटिल, महापे ट्रैफिक डिवीजन के पास यातायात को नियंत्रित कर रहे थे, जब यह घटना दोपहर लगभग 12.15 बजे हुई।

पुलिस के अनुसार, क्रेन रबाले एमआईडीसी से तुर्भे की ओर लापरवाही से चलाई जा रही थी, जब यह सड़क के किनारे मुड़ गई और पाटिल को टक्कर मार दी, जो यातायात का प्रबंधन करने के लिए सड़क के पास खड़े थे।

टक्कर के कारण वह गिर गए, और दुर्भाग्य से वह वाहन के नीचे आ गए। साथी ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने पाटिल को वाशी के नवी मुंबई नगर अस्पताल ले जाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें प्रवेश से पहले मृत घोषित कर दिया। राजेश गौंड के रूप में पहचाने गए क्रेन चालक को तुरंत ट्रैफिक पुलिस ने हिरासत में ले लिया और बाद में तुर्भे एमआईडीसी पुलिस को सौंप दिया।

## संपादकीय...



# उनका वोटर लिस्ट में क्या काम...

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

चुनाव आयोग को इन साहसिक और सर्वथा उचित सवालों के लिए धन्यवाद कि क्या संविधान के विरुद्ध जाकर फर्जी वोट डालने का मार्ग प्रशस्त कर दिया जाए? मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यह भी पूछा कि क्या निराधार बातों से डरकर मृत लोगों, दूसरी जगह पर स्थायी रूप से बस गए व्यक्तियों और विदेशी मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाना गलत है?

ये वे सवाल हैं जिनके जवाब ईमानदारी से दिए जाने चाहिए। ये जवाब उन राजनीतिक दलों और नेताओं को विशेष रूप से देने चाहिए जो बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आसमान सिर पर उठाए हुए हैं और संसद के भीतर एवं बाहर संकीर्ण स्वार्थों की पूर्ति के लिए हंगामा कर रहे हैं। इस हंगामे से न तो लोकतंत्र का भला होने वाला है और न भारतीय राजनीति का और न ही चुनाव प्रक्रिया का। वस्तुतः यह हंगामा आम मतदाताओं के हितों की अनदेखी के साथ ही अनुचित, अवैध तरीके से मतदाता बने लोगों की पक्षधरता भी है। आखिर विपक्षी दल यह बेकार की जिद क्यों पकड़े हुए हैं कि जो लोग वैध मतदाता नहीं हैं, उनके नाम वोटर लिस्ट में बने रहने दिए जाएं? वे इस नतीजे पर कैसे पहुंच गए कि ऐसे सारे लोग उनके वोटर हैं और अनिवार्य रूप से उन्हें ही वोट देंगे। हैरानी की बात यह है कि विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन के चुनाव आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट की ओर से सही बताए जाने के बाद भी लोगों को गुमराह करने के साथ ही यह समझाने में लगे हुए हैं कि आयोग मोदी सरकार और भाजपा के अनुचित हितों की पूर्ति के लिए बड़ा ही गैर-संवैधानिक काम कर रहा है। एक सही पहल पर लोगों को गुमराह करना तो राजनीतिक पाप है।

यह पाप वे लोग कर रहे हैं जो संविधान की दुहाई देते हैं और उसकी प्रतियां लहराते हुए घूम रहे हैं। अच्छा हो कि वे संविधान को फिर से पढ़ें और यह भी देखें कि चुनाव आयोग को क्या अधिकार प्रदान किए गए हैं। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। जो राजनीतिक दल एक संवैधानिक संस्था का अनादर करने में लगे हुए हैं, उनके बारे में यह कहना कठिन है कि उन्हें संविधान में कोई श्रद्धा है। संविधान बचाने के नाम पर उससे ही खिलवाड़ करने की जो घटिया राजनीति हो रही है, उसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। संविधान निमार्ताओं ने यह कल्पना भी नहीं की होगी कि भारत में ऐसे भी राजनीतिक दल होंगे जो इतनी क्षुद्र राजनीति करेंगे। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि क्षुद्र राजनीति करने में वह कांग्रेस सबसे आगे है जिसने लंबे समय तक देश पर शासन किया है और समय-समय पर चुनाव प्रक्रिया में सुधार लाने की पहल भी की।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबईः राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बयान पर संदीप देशपांडे ने किया पलटवार



**मुंबईः** महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी भाषा विवाद खत्म होता नहीं दिख रहा है। अब महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बयान पर राज ठाकरे के करीबी मनसे नेता संदीप देशपांडे ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बयान पर पलटवार किया है। देशपांडे कहा है कि राज्यपाल जिस राज्य (तमिलनाडु) से आते हैं वहां पर तमिल बोली जाती हैं। ऐसे में वहां पर निवेश क्यों आ रहा है? गौरतलब हो कि एक दिन पहले एक कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने कहा था कि आजकल मैं अखबारों में देख रहा हूं कि लोग कह रहे हैं। अगर आप मराठी नहीं बोलेंगे तो आपको पीटा जाएगा। ऐसा तमिलनाडु में भी हुआ है। राज्यपाल ने कहा था कि ऐसा होने से राज्य में आने वाला निवेश प्रभावित होता है। राज्यपाल ने भाषा विवाद को तुच्छ राजनीति करार दिया था।

**मारेंगे तो क्या मराठी बोलूंगा...**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण ने कहा था कि हमें ज्यादा से ज्यादा भाषाएं सीखनी चाहिए, अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए, लेकिन किसी दूसरे की मातृभाषा से नफरत नहीं करनी चाहिए। उन्होंने अपने बयान में महाराष्ट्र में मराठी नहीं बोलने पर बदसलूकी के मामलों पर चिंता जताई थी। उन्होंने इस मौके पर एक कहानी सुनाते हुए कहा था कि जब मैं सांसद था, तो मैं बहुत काम करता था। एक बार मैं हाईवे पर था, वहां दो गुटों में झगड़ा हो रहा था। मैंने अपने ड्राइवर से कहा कि गाड़ी रोको और मैं खुद नीचे उतर गया कि देखूं क्या मामला है। मुझे देखकर कुछ लोग भाग गए। फिर मैंने उस गुट से पूछा जिसे पीटा जा रहा था कि क्या दिक्कत है। उन्होंने मुझसे हिंदी में बोलना शुरू किया। मुझे हिंदी ठीक से नहीं आती, तो मैंने पास के एक होटल वाले से पूछा कि ये लोग क्या कह रहे हैं। होटल वाले ने कहा कि उन्हें इसलिए पीटा जा रहा था क्योंकि वे हिंदी में बोल रहे थे और दूसरा गुट उनसे तमिल बोलने की जिद कर रहा था। राज्यपाल ने कहा कि आज भी वैसी ही स्थिति है।

# मुंबई : 40 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत वाले घरों की बिक्री में सबसे ज्यादा उछाल...



**मुंबई :** रियल एस्टेट मार्केट इस साल काफी चर्चा में रहा. 2025 के 6 महीने में 40 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत वाले घरों की बिक्री में सबसे ज्यादा उछाल देखा गया. इंडिया सोथबीज इंटरनेशनल रियल्टी की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, 40 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत वाले घरों की बिक्री 2022 की पहली छमाही में 17 यूनिट्स से बढ़कर 2024 की छमाही में 53 यूनिट्स हो गई, यानी तीन गुना.

मुंबई में 10 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत वाले घरों की प्राइमरी और सेकेंडरी बिक्री से 14,750 करोड़ रुपये की सेल दर्ज की गई. यह पिछले साल की पहली छमाही में हुई 12,300 करोड़ रुपये की बिक्री की तुलना में 11 प्रतिशत की साल-दर-साल बढ़ोतरी दशार्ता है. रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 की पहली छमाही में लग्जरी घरों की बिक्री पिछले साल (2024) की उसी अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत बढ़ी है और 20-40 करोड़ रुपये की रेंज वाले घरों की बिक्री में 2022 की पहली छमाही की तुलना में 138 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है.

प्राइमरी मार्केट ने बिक्री की मात्रा का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा लिया, जबकि सेकेंडरी मार्केट ने 3,750 करोड़ रुपये का योगदान दिया. दोनों मार्केट पिछले पांच सालों में अपने उच्चतम स्तर पर थे. वर्ली ने सबसे पसंदीदा लग्जरी डेस्टिनेशन के रूप में अपनी बढ़त बनाए रखी, जिसमें प्राइमरी बिक्री मूल्य का 22 प्रतिशत हिस्सा रहा. अन्य तेजी से बढ़ते माइक्रो-मार्केट्स में बांद्रा वेस्ट शामिल था, जहां 192 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई, तरदेव में 254 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई, इसके अलावा प्रभादेवी और मालाबार हिल भी शामिल थे. इस दौरान 2,000-4,000 वर्ग फुट के अपार्टमेंट्स ने मुंबई के रियल एस्टेट मार्केट पर दबदबा बनाए रखा, जो प्राइमरी बिक्री का 70 प्रतिशत हिस्सा थे.

# मुंबई : ₹256 करोड़ के मेफेड्रोन ड्रग निर्माण मामले में गुजरात से आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** ₹256 करोड़ के मेफेड्रोन ड्रग निर्माण मामले में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए, मुंबई क्राइम ब्रांच ने गुजरात से बृजेश (35) को एमडी (मेफेड्रोन) के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले आवश्यक रसायनों की कथित आपूर्ति के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी से ताहिर सलीम डोला और मुस्तफा कुब्बावाला, जो इस विशाल सिंथेटिक ड्रग सिंडिकेट के प्रमुख आरोपी हैं, के खिलाफ मामला और मजबूत हो गया है। जांचकताओं के अनुसार, बृजजेश, डोला और कुब्बावाला को कच्चे माल का मुख्य आपूर्तिकर्ता था, जो कथित तौर पर सांगली से बड़े पैमाने पर ड्रग निर्माण का धंधा चला रहे थे। बृजजेश को शनिवार को अदालत में पेश किया गया और 29 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

इस बीच, एक बड़े अंतरराष्ट्रीय अभियान में, सीबीआई ने संयुक्त अरब अमीरात से मुस्तफा कुब्बावाला के प्रत्यर्पण का सफलतापूर्वक समन्वय किया। कुब्बावाला फरार था और सांगली में एक सिंथेटिक ड्रग फैक्ट्री चलाने के सिलसिले में मुंबई पुलिस द्वारा वांछित था। 2024 के अंत में इस फैक्ट्री पर छापा मारा गया, जिसके परिणामस्वरूप ₹256 करोड़ मूल्य की 126.141 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की गई और 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यूएई अधिकारियों द्वारा 19 जून, 2025 को कुब्बावाला के प्रत्यर्पण को मंजूरी दिए जाने के बाद, मुंबई पुलिस की एक टीम उसे वापस लाने के लिए 7 जुलाई को दुबई गई थी। उसे शुक्रवार को मुंबई लाया गया। यह अभियान इंटरपोल के सहयोग से चलाया गया, जिसमें सीबीआई की अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई (आईपीसीयू) और अबू धाबी स्थित राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो ने प्रमुख भूमिका निभाई।

# मेडिकल शॉप पर चॉपर से हमला




**नालासोपारा :** नालासोपारा पश्चिम के सोपारा गांव में मंगलवार शाम एक चौंकाने वाली और खौफनाक घटना सामने आई। एक 22 वर्षीय युवक ने मेडिकल शॉप में काम करने वाली युवती पर चॉपर से हमला करने की कोशिश की, लेकिन समय रहते दुकान मालिक ने बीच में आकर उसकी जान बचाई। इस पर दौरान युवक ने दुकान मालिक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना शाम करीब 5 बजे करारी मिल्स के पास स्थित 'लोटस केमिस्ट' नामक मेडिकल दुकान में हुई, जहां एक 20 वर्षीय युवती कार्यरत है। इसी इलाके में रहने वाला सोहेल शेख (उम्र 22) नाम का युवक दुकान हाथ में चॉपर में घुसा और युवती को गालियां देने लगा। उसके (धारदार हथियार) था, और उसने युवती पर हमला करने की कोशिश की।

# मुंबई : अनिल अंबानी से जुड़े 50 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी !

**मुंबई : ईडी की जांच 2017 से 2019 के दौरान यस बैंक से लिए गए 3,000 करोड़ रुपये के ऋणों के संदिग्ध अवैध डायवर्जन पर केंद्रित है। ईडी अधिकारियों के अनुसार, समूह की कंपनियों को ऋण वितरित किए जाने से कुछ समय पहले बैंक के प्रमोटरों से जुड़ी संस्थाओं को पैसे ट्रांसफर किए गए थे। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मुंबई में उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा रिलायंस कम्युनिकेशंस और इसके प्रमोटर-निदेशक अनिल डी अंबानी को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत किए जाने के कुछ ही दिनों बाद की गई है।**

हालांकि अनलि अंबानी के निजी आवास पर तलाशी अभियान नहीं चलाया गया, लेकिन दिल्ली और मुंबई से आई ईडी की टीमों ने उनके समूह की कुछ कंपनियों से जुड़े परिसरों का दौरा किया। यह जांच RAAGA (रिलायंस अनिल अंबानी समूह) कंपनियों की ओर से कथित धन शोधन से संबंधित है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी समूह की कंपनियों और यस बैंक के खिलाफ 3,000 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में गुरुवार को छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुंबई और दिल्ली में 50 कंपनियों और लगभग 25 लोगों के 35 से अधिक परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

ईडी सूत्रों ने कहा कि वे 2017 और 2019 के बीच यस बैंक से



लगभग 3,000 करोड़ रुपये के अवैध ऋण डायवर्जन के आरोपों की जांच कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, ईडी को पता चला है कि ऋण दिए जाने से ठीक पहले यस बैंक के प्रमोटरों को उनके व्यवसाय में धन प्राप्त हुआ था। इसे देखते हुए एजेंसी ''रिश्वत'' और ऋण के इस गठजोड़ की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी रिलायंस अनिल अंबानी समूह की कंपनियों को यस बैंक की ओर से ऋण स्वीकृतियों में ''घोर उल्लंघनों'' के आरोपों की पड़ताल कर रही है।

### इनपुट के आधार पर ईडी कार्रवाई

ईडी की कार्रवाई राष्ट्रीय आवास बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए), बैंक ऑफ बड़ौदा और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज दो एफआईआर सहित कई नियामक और वित्तीय निकायों से प्राप्त इनपुट पर आधारित है। रिपोर्ट्स के अनुसार अनिल अंबानी समूह से जुड़े वरिष्ठ व्यावसायिक अधिकारियों के यहां भी तलाशी ली जा रही है।ईडी का दावा है कि उसे सार्वजनिक धन की हेराफेरी की एक सुनियोजित योजना के सबूत मिले हैं। जांच से पता चलता है कि इस प्रक्रिया में बैंकों, शेयरधारकों, निवेशकों और सार्वजनिक संस्थानों सहित कई संस्थाओं को गुमराह किया गया या उनके साथ धोखाधड़ी की गई।

### यस बैंक के ऋण भी जांच के दायरे में

खबरों के मुताबिक, ईडी की जांच 2017 से 2019 के दौरान यस बैंक से लिए गए 3,000 करोड़ रुपये के ऋणों के संदिग्ध अवैध डायवर्जन पर केंद्रित है। ईडी अधिकारियों के अनुसार, समूह की कंपनियों को ऋण वितरित किए जाने से कुछ समय पहले बैंक के प्रमोटरों से जुड़ी संस्थाओं को धनराशि हस्तांतरित की गई थी।

अधिकारियों ने रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) से जुड़ी जानकारियां ईडी के साथ साझा की हैं। कंपनी का कॉरपोरेट ऋण वित्त वर्ष 2017-18 में 3,742.60 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2018-19 में 8,670.80 करोड़ रुपये हो गया। यस बैंक के पूर्व प्रमोटरों से जुड़े रिश्वतखोरी के पहलू की भी समीक्षा की जा रही है। ईडी की यह ताजा कार्रवाई एसबीआई की ओर से हाल ही में अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) को 'फ्रॉड' के रूप में वर्गीकृत करने के बाद हुई है। 13 जून, 2025 को, धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी दिशानिर्देशों और अपनी आंतरिक नीति के अनुसार, एसबीआई ने कंपनी और उसके प्रमोटर को इस श्रेणी में चिह्नित किया।

## मुंबई : ऑटो-रिक्शा में 16 साल की लड़की से छेड़छाड़, युवक गिरफ्तार



**मुंबई :** बांद्रा में एक चलती ऑटो-रिक्शा में 16 साल की कॉलेज जाने वाली लड़की से छेड़छाड़ करने वाले 22 साल के एक युवक को बांद्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी, जो इलाके में आकस्मिक मुलाकात के लिए आया था, दिनदहाड़े जबरन रिक्शा में घुस गया और इस वारदात को अंजाम दिया। यह घटना सोमवार दोपहर की है जब बांद्रा निवासी पीड़िता, एस.वी. रोड स्थित बोस्टन होटल के पास अपने कॉलेज जाने के लिए एक रिक्शा में सवार हुई।

दोपहर करीब 12 बजे, जैसे ही रिक्शा साईंबाबा होटल के पास एक सिग्नल पर रुका, काली शर्ट पहने एक युवक अचानक ऑटो में घुस आया। ड्राइवर और लड़की दोनों ने उसे जाने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए मना कर दिया कि उसे बस थोड़ी ही दूरी तय करनी है और उसे दूसरा रिक्शा नहीं मिल रहा है। उनके विरोध के बावजूद, वह जबरन अंदर ही रहा।

## ठाणे : रेलवे ब्रिज के नीचे चल रहा था देह व्यापार का खेल...
## ठाणे क्राइम ब्रांच ने महिला दलाल को दबोचा



**ठाणे :** ठाणे शहर की क्राइम ब्रांच की अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ **(AHTC)** ने मुंब्रा में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वेश्यावृत्ति के दलदल में धकेली जा रही तीन महिलाओं को छुड़ाया और एक महिला दलाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वैशाली गोर्डे को 22 जुलाई को सूचना मिली थी कि मुंब्रा-कलवा रोड स्थित रेलवे स्टेशन ब्रिज के पास एक महिला दलाल तीन असहाय महिलाओं को जबरन वेश्यावृत्ति के लिए ला रही है। इस जानकारी पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर जाल बिछाया और पूरी सटीकता के साथ छापा मारकर महिला दलाल को हिरासत में लिया। साथ ही, दलाल के चंगुल से तीन पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित मुक्त कराया गया। बता दें कि पूरी कार्रवाई के बाद आरोपी महिला के खिलाफ मुंब्रा पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 143 (1) और 143(3) के साथ-साथ अनैतिक व्यापार (निषेध) अधिनियम, 1956 की धारा 4 और 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की पूछताछ जारी है। इस सफल ऑपरेशन को पुलिस उपायुक्त (अपराध) श्री अमरसिंह जाधव और सहायक पुलिस आयुक्त (निषेध) श्री विनय घोरपड़े के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। इसमें वापोनी वैशाली गोर्डे, एमपीओयूपीएएनआई स्नेहल शिंदे, श्रेपोपानी क्षीरसागर, सपोपानी डी. के. वालगुडे, पोहवा के. बी. पाटिल, पोहवा आर. यू. सुवारे, एमपीओयूएएम पी. जी. खराट, एमपीओयूएएम एच. आर. थोरात और चापोशी एस. सी. पाटिल की विशेष भूमिका रही।

## तानसा तालाब ओवरफ्लो...
## जलापूर्ति करने वाले सात तालाबों में 87 प्रतिशत पानी जमा...

**मुंबई :** मुंबई को जलापूर्ति करने वाले सात तालाबों में से एक तानसा तालब भी पूरी तरह भरकर ओवरफ्लो होने लगा है। जलापूर्ति करने वाले सात तालाबों में 87 प्रतिशत पानी जमा हो चुका है। पिछले कुछ दिनों से तालाब क्षेत्रों में अच्छी बारिश से तालब के दरवाजे खोल दिए जा रहे हैं, जिससे और अधिक बारिश होने पर स्थानीय लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े। मनपा प्रशासन ने जानकारी दी कि मुंबई को जलापूर्ति करने वाले 7 तालाब में मोड़क सागर पहले ही ओहरफ्लो हो गया है। इसी तरह मध्य वैतरणा तालाब 'के तीन गेट खोले गए थे। दोनों तालाब भर जाने के बाद अब तानसा तालब भी ओवरफ्लो होने लगा है।



पिछले कुछ दिनों में तालाब क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण सभी जलाशयों में जलस्तर तेजी से बढ़ा है। माप के अनुसार सातों तालाबों में कुल मिलाकर उनकी पूरी क्षमता का 86.88 प्रतिशत तालब भर चुके हैं। ठाणे जिले के शहापुर तालुका में स्थित तानसा तालब को राज्य के सबसे पुराने पत्थर की संरचना वाले तालब में से एक माना जाता है। इस तालब की अधिकतम क्षमता 14,508 करोड़ लीटर (145,080 मिलियन लीटर) है।

## एरोसोल कंपनी में भीषण आग, लाखों का नुकसान...

**डोंबिवली :** डोंबिवली एमआईडीसी क्षेत्र के फेस-1 में स्थित एक एरोसोल कंपनी में बुधवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आसमान में काले धुएं का गुबार उठता देखा गया। गनीमत यह रही कि समय रहते सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।



कंपनी में कपड़े की प्रोसेसिंग का काम चल रहा था, उसी दौरान आग लगने की घटना हुई। आग की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की नौ गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन विभाग प्रमुख नामदेव चौधरी के नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उसके पास की अन्य कंपनियों को भी खतरा पैदा हो गया था, लेकिन दमकल विभाग ने सतर्कता से काम लेते हुए आग को फैलने से रोक दिया। आग लगने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी इसकी वजह हो सकती है। घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान जताया जा रहा है।

## मुंबई : आवास नीति 2025 पेश की ; योजना से 70,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद...

**मुंबई :** सरकार ने आवास नीति 2025 पेश की। इस व्यापक योजना से 70,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है। यह नीति झुग्गी-झोपड़ियों के पुनर्वास, किफायती आवास और सतत शहरी विकास पर केंद्रित एक बहुआयामी रणनीति की रूपरेखा प्रस्तुत करती है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों



(ईडब्ल्यूएस), निम्न-आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम-आय वर्ग (एमआईजी) पर विशेष जोर दिया गया है।सरकार ने अगले पाँच वर्षों में 35 लाख घरों के निर्माण का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिसका दीर्घकालिक लक्ष्य एक दशक के भीतर 50 लाख घरों का निर्माण करना है। इसे सुगम बनाने के लिए, महाआवास निधि का विस्तार कर इसे 20,000 करोड़ रुपये किया जाएगा। नीति में कहा गया है, ''अंतिम लक्ष्य अगले 10 वर्षों में 50 लाख घर बनाना है..

# नशे में गाड़ी चलाई तो सीधी जेल...

## ठाणे में 'गटारी' पर शराब पार्टी और हुड़दंग करने वालों पर कसेगा शिकंजा

**ठाणे :** गटारी अमावस्या के मौके पर ठाणे पुलिस ने हुड़दंगियों पर शिकंजा कसने की पूरी तैयारी कर ली है। बुधवार को शहर के होटलों, ढाबों और येउर जैसे संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। अब तक 1 से 21 जुलाई तक 775 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। शराब पीकर वाहन चलाया तो फंसेगा साथ बैठा व्यक्ति भी ठाणे, भिवंडी, कल्याण और उल्हासनगर क्षेत्रों में यातायात पुलिस ने विशेष नाकेबंदी




अभियान शुरू किया है। 22 ब्रेथ एनालाइजर के जरिए चालकों की जांच की जाएगी। पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाट ने साफ किया कि न केवल वाहन चालक, बल्कि उसके साथ बैठा व्यक्ति भी कार्रवाई के दायरे में आएगा।

**येउर जंगल बना पुलिस का फोकस प्वाइंट**

गटारी के मौके पर कई लोग येउर के जंगलों और गुप्त स्थानों पर शराब पार्टी करने की योजना बना रहे हैं। इसे रोकने के लिए येउर में वन विभाग और पुलिस की टीमें तैनात हैं। किसी भी तरह की पार्टी या गैरकानूनी जमावड़े पर कड़ी नजर रखी जा रही है। वर्तकनगर पुलिस स्टेशन, राज्य उत्पादन शुल्क विभाग और वन विभाग की संयुक्त निगरानी में किसी को भी नियमों का उल्लंघन करने नहीं दिया जाएगा। महिलाओं के साथ संभावित छेड़छाड़ और उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के लिए थाना स्तर पर दामिनी टीमों की तैनाती की गई है। सिविल ड्रेस में अपराध शाखा के अधिकारी लगातार गश्त पर हैं।

# 12वीं मंजिल से गिरने से तीन साल की बच्ची की मौत



**नायगांव :** नायगांव स्थित नवकार फेस वन सोसाइटी में बुधवार रात एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक 3 साल की मासूम बच्ची ने अपनी जान गंवा दी। बच्ची की पहचान अनविका प्रजापति के रूप में हुई है, जो बी-1 विंग 1201 रूम में अपने माता-पिता के साथ रहती थी। हादसा रात करीब 8 बजे के आसपास हुआ जब अनविका अपने रिश्तेदार के घर, ए-3 विंग (1202 रूम) में गई हुई थी। जानकारी के अनुसार, खेलते खेलते वह घर की बालकनी में रखे चप्पल स्टैंड पर चढ़ गई। संतुलन बिगड़ने से वह सीधे 12 वीं मंजिल से नीचे गिर गई। हादसे के बाद परिवारजन उसे तुरंत वसई स्थित सर डी. एम. पेटिट अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोसाइटी के 14 मंजिला टॉवर में कई बालकनियों में सुरक्षा ग्रिल नहीं लगी हुई है, जो इस भयावह हादसे की एक बड़ी वजह मानी जा रही है।

# मुंबई : 12 लाख रुपये की ठगी की और रेल मंत्रालय से होने का दावा करते हुए जाली दस्तावेज सौंप दिए

**मुंबई :** भांडुप के एक 41 वर्षीय व्यक्ति को तीन व्यक्तियों ने भारतीय रेलवे में नौकरी दिलाने का वादा करके 12 लाख रुपये की ठगी की और रेल मंत्रालय से होने का दावा करते हुए जाली दस्तावेज सौंप दिए। भांडुप पुलिस ने आरोपी विक्रांत राधाकृष्ण राणे, उनकी पत्नी अश्विनी राणे और प्रथमेश शिरीष लाड के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता, भांडुप (पश्चिम) के नरदास नगर निवासी और निजी क्षेत्र के कर्मचारी विनायक ढोंडी घाडी का परिचय 2022 में




आरोपी विक्रांत राणे और उनकी पत्नी अश्विनी से हुआ था। एक ही इमारत में रहने वाले इस जोड़े ने भारतीय रेलवे के कर्मचारी होने का दावा किया और अन्य निवासियों का विश्वास अर्जित किया।

सितंबर 2022 में, उन्होंने कथित तौर पर घाडी को भारतीय रेलवे में नौकरी दिलाने में मदद की पेशकश की। 4 अक्टूबर, 2022 को, उन्होंने घाटकोपर के पंतनगर में एक अन्य आरोपी प्रथमेश लाड से उसका परिचय कराया। लाड ने रेलवे में एक वरिष्ठ पद पर होने का दावा करते हुए कहा कि नौकरी की पेशकश को अंतिम रूप देने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को 12 लाख रुपये देने होंगे। उसने घाडी को यह भी चेतावनी दी कि वह इस सौदे के बारे में किसी को न बताए, और नौकरी की पेशकश वापस लेने की धमकी भी दी।

# भिवंडी : दहेज के लिए बहू का उत्पीड़न...

## पति सहित ससुराल के सात लोगों पर FIR दर्ज

**भिवंडी :** शांतिनगर पुलिस थाने क्षेत्र से दहेज प्रथा का एक और शर्मनाक मामला सामने आया है। 28 वर्षीय शबनम (काल्पनिक नाम) नामक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न की गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उससे मायके से पैसे लाने का दबाव डाला जा रहा था। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई और गालियां दी गईं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति



और परिवार वाले छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करने लगे। धीरे-धीरे यह झगड़े पैसों की मांग में बदल गए। महिला ने अपने पति आफरीद रजा सलीम बोहरा सहित ससुराल पक्ष के सास ससुर, ननंद देवर सहित अन्य रिश्तेदार कुल सात लोगों पर उत्पीड़न के आरोप लगाए है। घटना के दिन पीड़िता को कथित तौर पर दहेज की मांग को लेकर बुरी तरह पीटा और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पीड़िता के मुताबिक, पति और ससुराल वालों ने उसे धमकी दी कि यदि वह मायके से पैसे नहीं लाएगी तो उसका जीना मुश्किल कर देंगे। शांतिनगर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पति समेत सभी सात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 85,115 (2), 351(2),3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। जिसकी आगे की जांच शांतिनगर पुलिस कर रही है।

# मुंबई में आज भारी बारिश और उच्च ज्वार की चेतावनी, बीएमसी ने किया अलर्ट जारी



**मुंबई :** मुंबई में एक बार फिर मौसम का कहर देखने को मिल सकता है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने 24 जुलाई से 27 जुलाई तक शहर में उच्च ज्वार (High Tide) की चेतावनी जारी की है। इस दौरान मुंबई में 4.5 मीटर से अधिक ऊँचा ज्वार आने की संभावना है, जो कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा घोषित भारी से बहुत भारी बारिश के नारंगी अलर्ट के साथ मेल खा रहा है।

बीएमसी द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, 24 जुलाई को सुबह 11:57 बजे 4.57 मीटर ऊँचा ज्वार दर्ज हो सकता है। इसके बाद 25 जुलाई को दोपहर 12:40 बजे 4.66 मीटर, 26 जुलाई को दोपहर 1:20 बजे 4.67 मीटर और 27 जुलाई को दोपहर 1:56 बजे 4.60 मीटर तक ऊँचा ज्वार आने की संभावना है. यह समुद्री लहरें सामान्य से कहीं अधिक ऊँचाई पर उठ सकती हैं, जिससे शहर के निचले और तटीय इलाकों में जलभराव और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है.

# नालासोपारा मर्डर मिस्ट्री: पत्नी और प्रेमी पुणे से गिरफ्तार

**नालासोपारा :** नालासोपारा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की बेरहमी से हत्या कर दी और शव को घर में दफनाकर उस पर नई टाइल्स लगवा दी। यह जघन्य अपराध किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। पेल्हार पुलिस ने इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझाते हुए, मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को पुणे से गिरफ्तार कर लिया है।

**क्या है पूरा मामला ?**

नालासोपारा पूर्व के गांगडीपाड़ा इलाके में रहने वाले विजय चौहान अपनी पत्नी



चमन चौहान और 5 वर्षीय बेटे उमांश के साथ रहते थे। पुलिस की शुरूआती जांच के अनुसार, 25 वर्षीय चमन चौहान का उसी इमारत में पास के कमरे में रहने वाले 20 वर्षीय मोनू शर्मा के साथ प्रेम संबंध था। मृतक विजय चौहान उनके रिश्ते में बाधा बन रहा था, और दोनों शादी करना चाहते थे। इसी कारण चमन और मोनू ने मिलकर विजय की हत्या की खौफनाक साजिश रची। योजना के तहत, दोनों ने मिलकर विजय की हत्या कर दी। अपराध को छिपाने के लिए उन्होंने घर के भीतर ही जमीन खोदी और शव को वहीं दफना दिया। सबूत मिटाने के इरादे से उन्होंने दफन की गई जगह पर नई टाइल्स भी लगवा दीं।

**पुलिस ने ऐसे सुलझाई गुत्थी**

विजय के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत पेल्हार पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी के नेतृत्व में पांच विशेष टीमें गठित की गईं। तकनीकी निगरानी और गहन जांच के बाद पुलिस को पता चला कि आरोपी पुणे के हडपसर इलाके में छिपे हुए हैं।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com